प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में 51 शहरी निकायों में चुनाव के लिए एक हज़ार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन– 4 मई को होगी जांच।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– अपनी उपलब्धियों के आधार पर शहरी निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस।
- केन्द्र सरकार ने नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए शुरू किया सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने रामपुर के खनेरी अस्पताल में नर्सिंग छात्राओं के टी.बी. संक्रमित होने पर जताई चिंता।

नामांकन

प्रदेश में 51 शहरी निकायों में चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज पूरी हो गई है। इन चुनावों के लिए प्रदेश के 10 ज़िलों में कुल एक हज़ार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे हैं। कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 2 सौ 69, मण्डी ज़िले में 2 सौ 14, शिमला ज़िले में एक सौ 67 जबकि सोलन ज़िले में एक सौ 58 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह राठौर ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जाएगी। उममीदवार 6 मई तक नाम वापिस ले सकेंगे और इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। शहरी निकायों के लिए मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

सिरमौर नामांकन

सिरमौर ज़िले में नगर निकाय चुनाव के लिए 92 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। नाहन नगर परिषद के लिए कुल 31, पांवटा साहिब नगर परिषद के लिए 40 जबकि नगर पंचायत राजगढ़ के लिए 21 नामांकन दर्ज हुए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि 4 मई को नामांकन की जांच की जाएगी जबकि 6 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सरकार अपनी उपलब्धियों के आधार पर नगर निकाय चुनाव लड़ेगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि प्रदेश

की जनता कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर वोट करेगी। उन्होंने ये भी दावा किया कि इन चुनावों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बड़ी संख्या में जीत कर आएंगे।

विक्रमादित्य सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत सड़कों की टारिंग के कार्य रूकने पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से चर्चा कर विकास कार्य जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नगर निकाय चुनाव में पार्टी की जीत का दावा किया है। नाहन में आज मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा ने सभी स्थानों पर अपने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता चुनावी वायदे पूरा न करने वाली कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से तंग आ चुकी हैं और इन चुनावों में सरकार को जवाब देगी।

अलर्ट सिस्टम

केन्द्र सरकार ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम शुरू किया है। इस प्रणाली का परीक्षण करने के लिए आज दोपहर करीब 12 बजे नागरिकों के मोबाइल पर सायरन के साथ एक सूचना भेजी गई। परीक्षण के दौरान संदेश में लिखा था–सतर्क नागरिक–सुरक्षित राष्ट्र। यह संदेश परीक्षण के लिए है, इसलिए जनता को इस पर कोई प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस संदेश से नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसी प्रणाली के माध्यम से आपदा या आपात स्थिति में स्थानीय भाषा में और स्थान के अनुसार तत्काल अलर्ट भेजे जा सकेंगे।

हादसा

कुल्लू ज़िले के आनी क्षेत्र में एक चलती गाड़ी पर आज पेड़ गिरने के कारण 4 लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में 3 लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री ने ज़िला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने शिमला ज़िले के रामपुर खनेरी नर्सिंग संस्थान व अस्पताल में 20 प्रतिशत नर्सिंग छात्राओं के टी.बी. संक्रमित होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इन छात्राओं के टी.बी. संक्रमित होने के बावजूद भी सरकार द्वारा कोई प्रभावी कदम न उठाया जाना अत्यंत शर्मनाक है। जयराम ठाकुर ने कहा कि दशकों से चल रही इस लड़ाई में जहां केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से भरपूर सहयोग दे रही है वहीं, प्रदेश स्तर पर इस मामले

में भारी लापरवाही सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि टी.बी. उन्मूलन अभियान एक स्वस्थ व बेहतर कल का अभियान है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

प्रतिभा सिंह

कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से नगर निगमों, पंचायतों और नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस को मज़बूत करने का आह्वान किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सभी को पार्टी उम्मीदवारों की जीत के लिए कार्य करना चाहिए। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है, ऐसे में पार्टी मज़बूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगे आना होगा।

प्रसून जोशी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रसून जोशी अपने लोकप्रिय फिल्मी गीतों और विज्ञापनों के लिए देश भर में जाने जाते हैं। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मक शैली के साथ कार्य करेगा। प्रसून जोशी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

पुण्य तिथि

हिमाचल निर्माता व प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार को उनकी पुण्य तिथि पर आज प्रदेशभर में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने डॉक्टर परमार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नवनिर्माण में डॉक्टर परमार का उल्लेखनीय योगदान है और हिमाचल कभी भी उनके इस ऋण को नहीं चुका सकता। विनय कुमार ने कहा कि डॉक्टर परमार के अथक प्रयासों से ही हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल हुआ। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नन्दा भी इस दौरान मौजूद रहे। सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने भी डॉक्टर परमार को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जलाशय–निर्देश

बिलासपुर ज़िले में गोबिंद सागर झील और कोल डैम में जल गतिविधियों को लेकर प्रशासन ने सख्त सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुई नौका दुर्घटना के मामले को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त राहुल कुमार द्वारा जारी इन निर्देशों का पालन करना सभी संचालकों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही को गम्भीरता से लिया जाएगा और जन सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में आज भी कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से फसलों व फलदार पौधों को नुकसान हुआ है। मौसम के इस मिजाज़ से दिन के तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कुछ स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

नीट परीक्षा

देशभर में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा नीट यू.जी. परीक्षा कल 3 मई को ली जाएगी। इस परीक्षा के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों पर भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अलावा संबंधित ज़िला प्रशासन की ओर से भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

नियंत्रण कक्ष

किन्नौर ज़िले में पंचायत चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से निपटाने के लिए रिकांगपिओ में नियंत्रण कक्ष व मीडिया सैल स्थापित किया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि ये नियंत्रण कक्ष चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी सभी गतिविधियों की सतत् निगरानी करेगा। उधर, हमीरपुर ज़िले में पंचायत चुनावों के सुचारू संचालन के लिए ज़िला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में 51 शहरी निकायों में चुनाव के लिए एक हज़ार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन– 4 मई को होगी जांच।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– अपनी उपलब्धियों के आधार पर शहरी निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस।
- केन्द्र सरकार ने नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए शुरू किया सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने रामपुर के खनेरी अस्पताल में नर्सिंग छात्राओं के टी.बी. संक्रमित होने पर जताई चिंता।